www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

20/FI/CC/M–2023–23

**Booklet Series**

**Candidate's Roll Number**

**C**

**Serial No.** 30942

Question Booklet

# POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you along with Question Booklet to mark the answers. **You must write your Name, Roll Number, Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
13. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Which of the following is **not** correct?
   (A) The real name of Plato was Aristocles.
   (B) Plato thanked God that he was a man and not a woman.
   (C) All books by Plato are in dialogue format.
   (D) Plato's mother was Perictione.

2. Which of the following is not correct about Iqbal?
   (A) He was called 'Muffakir-e-Pakistan'.
   (B) He was called 'Hakeem-ul-Ummat'.
   (C) He wrote *Iqbal Nama*.
   (D) He wrote *Javid Nama*.

3. Who is the author of *India's Secularism—New name for National Subversion*?
   (A) Sitaram Goel
   (B) Rajiv Malhotra
   (C) Kusumlata Kedia
   (D) Rameshwar Mishra

4. Nagaland was given special status by Article 371(A) in which year?
   (A) 1960
   (B) 1961
   (C) 1962
   (D) 1963

5. Which of the following is related with Cuba?
   (A) Domino Theory
   (B) Cactus Curtain
   (C) Ise Curtain
   (D) Bamboo Curtain

6. Which of the following is not a part of Island chain strategy?
   (A) Kuril Island
   (B) Luci Island
   (C) Ryukyu Island
   (D) Bonin Island

7. Who among the following resigned from primary membership of the Indian National Congress before Independence?
   (A) Mohandas Karamchand Gandhi
   (B) Biju Patnaik
   (C) N. G. Ranga
   (D) All of them

8. "Despotism is a legitimate mode of government in dealing with barbarians." Who said this?
   (A) J. S. Mill
   (B) John Locke
   (C) Thomas Hobbes
   (D) Machiavelli

9. India has criticized which country for blatant disregard of UN Security Council Resolution on Libya?
   (A) Iraq
   (B) Iran
   (C) Turkey
   (D) Saudi Arabia

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** निम्नलिखित में से क्या **गलत** है?

(A) प्लेटो का असली नाम एरिस्टोक्लीस था।

(B) प्लेटो ने ईश्वर का धन्यवाद किया कि वह पुरुष है महिला नहीं।

(C) प्लेटो की सभी पुस्तकें डॉयलाग (बातचीत) के तरीके से लिखी गई हैं।

(D) प्लेटो की माता पेरिकतिओन थी।

**2.** निम्नलिखित में से क्या इकबाल के बारे में असत्य है?

(A) उन्हें 'मुफाकिर-ए-पाकिस्तान' कहा गया।

(B) उन्हें 'हाकिम-उल-उम्मत' कहा गया।

(C) उन्होंने *इकबालनामा* लिखा।

(D) उन्होंने *जावेदनामा* लिखा।

**3.** *इंडियाज सेक्युलरिज्म—न्यू नेम फॉर नैशनल सबवर्जन* के लेखक कौन हैं?

(A) सीताराम गोयल

(B) राजीव मल्होत्रा

(C) कुसुमलता केडिया

(D) रामेश्वर मिश्र

**4.** नागालैण्ड को विशेष दर्जा अनुच्छेद 371(A) द्वारा किस वर्ष में प्रदान किया गया?

(A) 1960

(B) 1961

(C) 1962

(D) 1963

**5.** निम्नलिखित में से क्या क्यूबा से संबंधित है?

(A) डोमिनो थियोरी

(B) कैक्टस करटेन

(C) आइज करटेन

(D) बम्बू करटेन

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'आइलैंड चेन स्ट्रेटेजी' का भाग **नहीं** है?

(A) कुरील द्वीप

(B) लूसी द्वीप

(C) रयूकू द्वीप

(D) बोनिन द्वीप

**7.** इनमें से किसने स्वतंत्रतापूर्व भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की सदस्यता छोड़ दी थी?

(A) मोहनदास करमचंद गाँधी

(B) बीजू पटनायक

(C) एन० जी० रंगा

(D) इनमें से सभी

**8.** किसने कहा, "तानाशाही, बर्बरता से निपटने का एक वैधानिक तरीका है"?

(A) जे० एस० मिल

(B) जॉन लॉक

(C) थॉमस हॉब्स

(D) मैकियावेली

**9.** यू० एन० सुरक्षा परिषद् के संकल्प की अवहेलना करने के लिए भारत ने किस देश की आलोचना की है?

(A) इराक़

(B) ईरान

(C) टर्की

(D) सउदी अरब

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**10.** Who said, "England is free only on the day of election"?

(A) Bryce

(B) Garner

(C) Hocking

(D) Rousseau

**11.** Who said, "He who wants to live must fight"?

(A) Churchill

(B) Roosevelt

(C) Hitler

(D) Stalin

**12.** "Justice in Plato means very nearly what we mean by morality." Who among the following said it?

(A) Coker

(B) Foster

(C) Maxey

(D) Wayper

**13.** Which one of the following books is **not** written by Machiavelli?

(A) *The Prince*

(B) *The History of Florence*

(C) *The Art of War*

(D) *The Emile*

**14.** Who mentions the four dimensions of equality?

(A) Laski

(B) Barker

(C) Karl Marx

(D) Lord Bryce

**15.** Which of the following statements is **not** applicable to Hobbes?

(A) Man can overthrow their ruler.

(B) Men entered into a single contract.

(C) The King enjoyed absolute sovereignty.

(D) The contract was one-sided.

**16.** Who said, "There is in man a certain natural law, namely the eternal law, by which he distinguishes good from bad"?

(A) T. H. Green

(B) Thomas Aquinas

(C) J. S. Mill

(D) Kautilya

www.prepp.in

**10.** किसने कहा, "इंग्लैण्ड केवल चुनाव के दिन ही स्वतंत्र होता है"?

(A) ब्राइस

(B) गार्नर

(C) हॉकिंग

(D) रूसो

**11.** किसने कहा, "जिसे जीना है उसे युद्ध करना होगा"?

(A) चर्चिल

(B) रूजवेल्ट

(C) हिटलर

(D) स्टालिन

**12.** "जिसे हम नैतिकता कहते हैं, वही प्लेटो के लिए न्याय है।" इनमें से किसने यह कहा है?

(A) कोकर

(B) फॉस्टर

(C) मैक्सी

(D) वेपर

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक मैकियावेली द्वारा नहीं लिखी गयी है?

(A) *द प्रिंस*

(B) *द हिस्ट्री ऑफ फ्लोरेन्स*

(C) *दि आर्ट ऑफ वॉर*

(D) *दि एमिली*

**14.** समानता के चार आयामों का उल्लेख किसने किया है?

(A) लास्की

(B) बार्कर

(C) कार्ल मार्क्स

(D) लॉर्ड ब्राइस

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हॉब्स पर लागू नहीं होता है?

(A) मनुष्य अपने शासक को उखाड़ फेंक सकता है।

(B) मनुष्य ने एक अनुबंध में प्रवेश किया।

(C) राजा पूर्ण सम्प्रभुता का आनंद लेता है।

(D) अनुबंध एक-तरफा था।

**16.** "मनुष्य में कुछ प्राकृतिक कानून होते हैं, जिनके द्वारा वह शाश्वत कानून में भाग लेता है, तथा इसी के द्वारा वह अच्छाई और बुराई में अंतर करता है।" किसने कहा है?

(A) टी० एच० ग्रीन

(B) थॉमस एक्वीनास

(C) जे० एस० मिल

(D) कौटिल्य

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** The terms 'sovereign' and 'sovereignty' were first used by

(A) English political thinkers

(B) Greek Jurists

(C) French Jurists

(D) Italian philosophers

**18.** Which of the following is **not** a safeguard of liberty?

(A) Separation of powers

(B) One-party rule

(C) Independent judiciary

(D) Decentralization of power

**19.** Which among the following thinkers justifies inequality?

(A) Aristotle

(B) Hobbes

(C) Laski

(D) Rousseau

**20.** "Revolution constitutes a challenge to the established political order and the virtual establishment of a new order radically different from the preceding one."

The above definition has been given by

(A) Pettee

(B) Kuhn

(C) Mounier

(D) Fredrick

**21.** Which of the following theories of democracy gives priority to economic rights of the people?

(A) Marxist theory of democracy

(B) Elitist theory of democracy

(C) Liberal democratic theory

(D) Pluralist theory of democracy

**22.** "It is only by the free action of individual will that the social good is attained, and inequality of property may be regarded as the necessary price for the free action." Whose statement is this?

(A) T. H. Green

(B) Maxey

(C) Catlin

(D) Barker

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** 'सम्प्रभु' और 'सम्प्रभुता' शब्दों का सर्वप्रथम प्रयोग किसके द्वारा किया गया था?

(A) अंग्रेज राजनीतिक विचारक

(B) यूनानी न्यायविद्

(C) फ्रांसीसी न्यायविद्

(D) इतालवी दार्शनिक

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्वतंत्रता का रक्षक नहीं है?

(A) शक्ति का पृथक्करण

(B) एक-दलीय शासन

(C) स्वतंत्र न्यायपालिका

(D) शक्ति का विकेन्द्रीकरण

**19.** इनमें से किस विचारक ने असमानता को उचित माना है?

(A) अरस्तू

(B) हॉब्स

(C) लास्की

(D) रूसो

**20.** "क्रांति विद्यमान क्रम को चुनौती देती है तथा अंत में पहले चल रही व्यवस्था के स्थान पर उग्र रूप में भिन्न नयी व्यवस्था की स्थापना करती है।"

उपर्युक्त परिभाषा किसके द्वारा दी गयी है?

(A) पेट्टी

(B) कुह्न

(C) मोनियर

(D) फ्रेडरिक

**21.** लोकतंत्र के निम्नलिखित सिद्धांतों में से कौन-सा लोगों के आर्थिक अधिकार को प्राथमिकता देता है?

(A) लोकतंत्र का मार्क्सवादी सिद्धांत

(B) लोकतंत्र का आभिजात्य सिद्धांत

(C) उदार लोकतांत्रिक सिद्धांत

(D) लोकतंत्र का बहुलवादी सिद्धांत

**22.** "केवल व्यक्तिगत इच्छाओं के स्वतंत्र प्रयोग से सामाजिक हित प्राप्त हो सकता है, सम्पत्ति की असमानता इस स्वतंत्र प्रयोग का आवश्यक मूल्य माना जा सकता है।" यह किसका कथन है?

(A) टी० एच० ग्रीन

(B) मैक्सी

(C) कैटलिन

(D) बार्कर

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** "Party is a body of men, united for the purpose of promoting by their joint endeavours the public interest upon some principles on which they are all agreed."

The above definition established by

(A) Gettell

(B) Gilchrist

(C) Leacock

(D) Burke

**24.** "Raja Ram Mohan Roy was the father of the constitutional movement in India." Who among the following said it?

(A) Bipin Chandra Pal

(B) Surendranath Banerjee

(C) Rabindranath Tagore

(D) Norman D. Palmer

**25.** Which one of the following statements regarding the current status of the relationship between Fundamental Rights and Directive Principles is correct?

(A) Directive Principles always get priority over Fundamental Rights.

(B) Directive Principles cannot get priority over Fundamental Rights in any case.

(C) Fundamental Rights always get priority over Directive Principles.

(D) In some cases, Directive Principles may get priority over Fundamental Rights.

**26.** Which of the following is **not** correctly matched?

(A) Article 155 : Removal of the Governor

(B) Article 153 : Office of the Governor

(C) Article 156 : Term of the Governor

(D) Article 154 : Executive authority of the Governor

**27.** Who wrote the book, *Lokmanya Tilak aur Unka Yug*?

(A) Ramdhari Singh Dinkar

(B) N. G. Jog

(C) Dr. V. P. Verma

(D) Indra Vidyavachaspati

**28.** The Speaker can ask a member of the House to stop speaking and let another member speak. This phenomenon is known as

(A) yielding the floor

(B) decorum

(C) crossing the floor

(D) interpellation

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** "राजनीतिक दल ऐसे लोगों का एक समूह होता है, जो किन्हीं पूर्ण स्वीकृत सिद्धांतों के आधार पर अपने सामूहिक प्रयत्नों द्वारा जनता के हित में काम करने के लिए एकता में बँधे होते हैं।"

उपर्युक्त परिभाषा स्थापित की गयी

(A) गेटेल द्वारा

(B) गिलक्राइस्ट द्वारा

(C) लीकॉक द्वारा

(D) बर्क द्वारा

**24.** "राजा राममोहन राय भारत में संवैधानिक आंदोलन के जनक थे।" इनमें से किसने यह कहा था?

(A) बिपिन चन्द्र पाल

(B) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(D) नॉर्मन डी० पामर

**25.** मूल अधिकारों एवं निर्देशक तत्त्वों के बीच संबंधों की वर्तमान स्थिति के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य सही है?

(A) मूल अधिकारों की अपेक्षा निर्देशक सिद्धांतों को सदैव प्राथमिकता दी जाती है।

(B) निर्देशक सिद्धांतों को मूल अधिकारों की अपेक्षा किसी भी दशा में प्राथमिकता नहीं दी जा सकती है।

(C) निर्देशक सिद्धांतों की अपेक्षा मूल अधिकारों को सदैव प्राथमिकता दी जाती है।

(D) कुछ मामलों में निर्देशक सिद्धांतों को मूल अधिकारों की अपेक्षा प्राथमिकता दी जा सकती है।

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

(A) अनुच्छेद 155 : राज्यपाल को हटाना

(B) अनुच्छेद 153 : राज्यपाल का कार्यालय

(C) अनुच्छेद 156 : राज्यपाल की पदावधि

(D) अनुच्छेद 154 : राज्यपाल का कार्यकारी प्राधिकार

**27.** *लोकमान्य तिलक और उनका युग* पुस्तक किसने लिखी?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) एन० जी० जोग

(C) डॉ० वी० पी० वर्मा

(D) इंद्र विद्यावाचस्पति

**28.** अध्यक्ष, सदन के किसी भी सदस्य को बोलने से रोक सकता है और अन्य किसी सदस्य को बोलने दे सकता है। यह घटना कहलाती है

(A) बैठ जाना

(B) मर्यादा (decorum)

(C) पक्ष-त्याग

(D) अंतर्प्रश्न

www.prepp.in

**29.** Who among the following said, "Reason in man's being and personality is an echo of universal harmony"?

(A) Gopal Krishna Gokhale

(B) M. N. Roy

(C) Mahatma Gandhi

(D) Jayaprakash Narayan

**30.** "Political socialization is a means of inculcating values, habits and motivation for participation in the political system of the individual." Whose statement is this?

(A) Greenstein

(B) Karl Deutsch

(C) Robert Levine

(D) All of them

**31.** Which Article of the Constitution mentions the composition of Rajya Sabha?

(A) Article 81

(B) Article 80

(C) Article 85

(D) Article 83

**32.** In which Article there is the provision for calling a Joint Sitting of the Parliament?

(A) Article 115

(B) Article 120

(C) Article 105

(D) Article 108

**33.** The term 'Cold War' was first used by

(A) Prof. Lippmann

(B) Morgenthau

(C) Bernard Baruch

(D) None of them

**34.** Which one of the following leaders described the Non-Alignment Movement as an 'International hoax'?

(A) Fidel Castro

(B) Julius Nyerere

(C) Saddam Hussein

(D) Colonel Gaddafi

www.prepp.in

**29.** इनमें से किसने कहा कि "व्यक्ति के जीवन और उसके व्यक्तित्व में तर्क सार्वभौमिक समन्वय की प्रतिध्वनि है"?

(A) गोपाल कृष्ण गोखले

(B) एम० एन० राय

(C) महात्मा गाँधी

(D) जयप्रकाश नारायण

**30.** "राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति की राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता के लिए मूल्यों, आदतों और प्रेरणा का साधन है।" यह किसका कथन है?

(A) ग्रीनस्टेन

(B) कार्ल डायच

(C) रॉबर्ट लेवाइन

(D) इनमें से सभी

**31.** राज्य सभा की संरचना का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद 81

(B) अनुच्छेद 80

(C) अनुच्छेद 85

(D) अनुच्छेद 83

**32.** संसद की संयुक्त बैठक बुलाने संबंधी प्रावधान किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद 115

(B) अनुच्छेद 120

(C) अनुच्छेद 105

(D) अनुच्छेद 108

**33.** 'शीतयुद्ध' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसके द्वारा किया गया?

(A) प्रो० लिपमैन

(B) मोर्गेंथाऊ

(C) बर्नार्ड बरुच

(D) इनमें से कोई नहीं

**34.** इन नेताओं में से किसने गुटनिरपेक्ष आंदोलन को 'अंतर्राष्ट्रीय छलावा' बताया?

(A) फिदेल कास्ट्रो

(B) जुलियस न्यरेरे

(C) सद्दाम हुसैन

(D) कर्नल गद्दाफी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** The Colombo Agreement, 1962 is related to

(A) India-China border dispute

(B) Tamil problem in Sri Lanka

(C) the difference between India and Sri Lanka

(D) None of the above

**36.** The writer of the book, *A Study of War* is

(A) Padelford and Lincoln

(B) Quincy Wright

(C) Schleicher

(D) Mahendra Kumar

**37.** Which one of the following is considered to be a tool for the advancement of national interest?

(A) Vote Propaganda

(B) War

(C) International Law

(D) Diplomacy

**38.** Which one of the following is not a main organ of the United Nations?

(A) General Assembly

(B) Economic and Social Council

(C) Trusteeship Council

(D) UNESCO (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization)

**39.** When did India break its diplomatic relations with South Africa?

(A) In the year 1954

(B) In the year 1955

(C) In the year 1953

(D) In the year 1957

**40.** Indian Atomic Energy Commission was established in

(A) 1960

(B) 1948

(C) 1940

(D) 1945

Prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**35.** कोलम्बो समझौता, 1962 का संबंध है

(A) भारत-चीन सीमा विवाद से

(B) श्रीलंका की तमिल समस्या से

(C) भारत और श्रीलंका के आपसी मतभेद से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** *ए स्टडी ऑफ वॉर* पुस्तक के लेखक हैं

(A) पैडलफोर्ड एवं लिंकन

(B) क्विन्सी राइट

(C) श्लीचर

(D) महेन्द्र कुमार

**37.** निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय हित को उन्नत करने का उपकरण समझा जाता है?

(A) मत प्रचार

(B) युद्ध

(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि

(D) कूटनीति

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र का एक मुख्य अंग नहीं है?

(A) महासभा

(B) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

(C) ट्रस्टीशिप काउंसिल

(D) यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन)

**39.** दक्षिण अफ्रीका से भारत ने अपने कूटनीतिक संबंध कब तोड़े थे?

(A) वर्ष 1954 में

(B) वर्ष 1955 में

(C) वर्ष 1953 में

(D) वर्ष 1957 में

**40.** भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना कब हुई?

(A) 1960

(B) 1948

(C) 1940

(D) 1945

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Who introduced the idea of 'Asian Security Plan'?

(A) President Brezhnev

(B) Mao

(C) David Vital

(D) None of them

**42.** "If we do not prevent the war in atomic age, war will finish us." Who is the author of this statement?

(A) Lord Grey

(B) Toynbee

(C) Quincy Wright

(D) Morgenthau

**43.** Who among the following was not a founder member of the NAM?

(A) Marshal Tito

(B) G. A. Nasser

(C) Colonel Gaddafi

(D) Jawaharlal Nehru

**44.** "Underdeveloped countries are the slums of the world economy." Who said this?

(A) Prof. Bernstein

(B) Prof. Cairncross

(C) Prof. Jacob Viner

(D) Spanier John

**45.** "Colonies are of more value as markets for prepared goods than as producers of raw materials." Who is the author of this statement?

(A) H. G. Wells

(B) Dr. Asirvatham

(C) Beard

(D) Parker T. Moon

**46.** One-year trade agreement was signed between India and China on

(A) 1st July, 1953

(B) 4th August, 1955

(C) 10th February, 1955

(D) 29th April, 1954

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** 'एशियन सिक्योरिटी प्लान' का विचार किसने प्रस्तुत किया?

(A) राष्ट्रपति ब्रेज़नेव

(B) माओ

(C) डेविड वाइटल

(D) इनमें से कोई नहीं

**42.** "अणु युग में यदि हमने युद्ध को समाप्त नहीं किया, तो युद्ध ही हमें समाप्त कर देगा।" इस कथन के लेखक कौन हैं?

(A) लॉर्ड ग्रे

(B) टायनबी

(C) क्विन्सी राइट

(D) मोर्गेंथाऊ

**43.** इनमें से कौन 'नाम (NAM)' का संस्थापक सदस्य नहीं था?

(A) मार्शल टीटो

(B) जी० ए० नासिर

(C) कर्नल गद्दाफी

(D) जवाहरलाल नेहरू

**44.** "अल्प-विकसित देश विश्व की अर्थव्यवस्था की गन्दी बस्तियाँ हैं।" किसने कहा था?

(A) प्रो० बर्नस्टीन

(B) प्रो० केयर्नक्रॉस

(C) प्रो० जेकब वाइनर

(D) स्पेनर जॉन

**45.** "उपनिवेशों का मूल्य कच्चे माल के उत्पादकों की अपेक्षा तैयार माल के बाजार के रूप में अधिक होता है।" इस कथन के लेखक कौन हैं?

(A) एच० जी० वेल्स

(B) डॉ० आसिर्वथम

(C) बियर्ड

(D) पार्कर टी० मून

**46.** भारत-चीन के मध्य एक-वर्षीय व्यापारिक समझौता हुआ

(A) 1 जुलाई, 1953 में

(B) 4 अगस्त, 1955 में

(C) 10 फरवरी, 1955 में

(D) 29 अप्रैल, 1954 में

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** Who says about whom—"they strangle you with your own system"?

(A) Tarek Fatah about Tehreek-e-Insaf

(B) Joshua Philipp about the Communist Party of China

(C) Vladimir Putin about Democratic Party of the USA

(D) Volodymyr Zelensky about Independent Party of Russia

**48.** Which of the following is **not** 'Manush Praman' as per Manu?

(A) Agni Praman

(B) Sakshi Praman

(C) Bhog Praman

(D) Likhit Praman

**49.** Which of the following is **incorrect**?

(A) 71 Chaturyuga equal one Manvantara

(B) 14 Manvantara equal one Kalpa

(C) Current Manu is Vaivasvata Manu

(D) Next Manu will be Swayambhu Manu

**50.** Which of the following is **incorrect** about Bal Gangadhar Tilak?

(A) He was sent to 'Kala Pani' punishment to Mandalay Jail in Burma.

(B) He compared 'Rashtra' with a flower.

(C) He said, "Nationalism/Rashtravaad is an emotion."

(D) He said, "We do not want, nor do we have the power to start armed revolt/revolution against government."

**51.** "Stay away from vices, educate your daughters, plant aspirations in their hearts and do not hurry them into marriage." Who said this?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Bhimrao Ramji Ambedkar

(C) Mohandas Karamchand Gandhi

(D) Raja Ram Mohan Roy

**52.** "Democracy gives birth to divisions and disputes whereas monarchy has unity and peace." Who said this?

(A) Aristotle

(B) Thomas Aquinas

(C) Thomas Hobbes

(D) Machiavelli

www.prepp.in

**47.** किसने किसके लिए कहा, ''वो तुम्हें तुम्हारी व्यवस्था से ही लटका देंगे''?

(A) तारिक फ़तह, तहरीक-ए-इंसाफ़ के लिए

(B) जोशुआ फिलिप, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लिए

(C) व्लादिमीर पुतिन, अमरीका की डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए

(D) वलोडिमिर ज़ेलेंस्की, रूस की इंडिपेंडेंट पार्टी के लिए

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा मनु के अनुसार 'मानुष प्रमाण' **नहीं** है?

(A) अग्नि प्रमाण

(B) साक्षी प्रमाण

(C) भोग प्रमाण

(D) लिखित प्रमाण

**49.** निम्नलिखित में से क्या **गलत** है?

(A) 71 चतुर्युगों का एक मन्वंतर होता है

(B) 14 मन्वंतर का एक कल्प होता है

(C) वर्तमान मनु है वैवस्वत मनु

(D) अगले मनु होंगे स्वयंभू मनु

**50.** निम्नलिखित में से क्या बाल गंगाधर तिलक के बारे में सही **नहीं** है?

(A) उन्हें कालापानी के दण्ड स्वरूप बर्मा के मांडले कारावास में भेजा गया

(B) उन्होंने राष्ट्र की तुलना एक फूल से की

(C) उन्होंने कहा, ''राष्ट्रवाद एक भावना है''

(D) उन्होंने कहा, ''हम न तो चाहते हैं और न ही हममें इतनी शक्ति है कि हम सरकार के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति के लिए उठ खड़े हों''

**51.** किसने कहा, ''आप दुर्गुणों से दूर रहें, अपनी बेटियों को पढ़ाएँ-लिखाएँ, उनके मन में महत्त्वाकांक्षाएँ पैदा करें और उनका विवाह करने में जल्दी न करें''?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) भीमराव रामजी अम्बेडकर

(C) मोहनदास करमचंद गाँधी

(D) राजा राममोहन राय

**52.** किसने कहा, ''प्रजातंत्र प्रणाली फूट और झगड़ों को जन्म देने वाली है जबकि राजतंत्र में एकता और शांति बनी रहती है''?

(A) अरस्तू

(B) थॉमस एक्वीनास

(C) थॉमस हॉब्स

(D) मैकियावेली

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** Who is the editor of *The Black Book of Communism : Crimes, Terror, Repression*?

(A) Angus Maddison

(B) Stéphane Courtois

(C) Robert Kaplan

(D) None of them

**54.** Which of the following is **incorrect** about Rousseau?

(A) First Revolution—permanent basis of family

(B) Second Revolution—discovery of agriculture

(C) Third Revolution—creation of civil society

(D) Fourth Revolution—social contract

**55.** Who wrote, *Discourses on the First Ten Books of Livy*?

(A) Marsiglio of Padua

(B) Thomas Aquinas

(C) Machiavelli

(D) Jean Bodin

**56.** Who wrote, *The Revenge of Geography*?

(A) Narman Davis

(B) Robert D. Kaplan

(C) John Keay

(D) Jack Weatherford

**57.** Who among the following is the author of *Cuisines of the Axis of Evil and Other Irritating States : A Dinner Party Approach to International Relations*?

(A) Christine Fair

(B) Kenneth Waltz

(C) Samuel Huntington

(D) Henry Kissinger

**58.** Which of the following is **not** a part of 'Necklace of Diamonds Strategy'?

(A) Changi Naval Base, Singapore

(B) Sabang Port, Indonesia

(C) Assumption Island, Seychelles

(D) Port of Fremantle, Australia

**59.** Who wrote the book, *Mao : The Unknown Story*?

(A) Jung Chang and Jon Halliday

(B) Julia Lovell

(C) Jeremy Brown and Matthew Johnson

(D) Edgar Snow

**60.** "Post-modernism is meaningless because it adds nothing to analytical or empirical knowledge." Who said this?

(A) Richard Dawkins

(B) Noam Chomsky

(C) Christopher Hitchens

(D) None of them

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** *द ब्लैक बुक ऑफ कम्युनिज्म : क्राइम्स, टेरर, रिप्रेशन* के संपादक कौन हैं?

(A) एंगस मैडिसन

(B) स्टीफन कोर्टोइस

(C) रॉबर्ट कपलान

(D) इनमें से कोई नहीं

**54.** निम्नलिखित में से क्या रूसो के बारे में सही नहीं है?

(A) प्रथम क्रांति—स्थायी आधार पर परिवार

(B) द्वितीय क्रांति—कृषि का आविष्कार

(C) तृतीय क्रांति—सिविल समाज की रचना

(D) चतुर्थ क्रांति—सामाजिक समझौता (सोशल कॉन्ट्रैक्ट)

**55.** *डिस्कोर्सेस ऑन द फर्स्ट टेन बुक्स ऑफ लिवी* किसने लिखी?

(A) मारसीलियो ऑफ पदुआ

(B) थॉमस एक्वीनास

(C) मैकियावेली

(D) जीन बोडिन

**56.** *द रिवेन्ज ऑफ जियोग्राफी* किसने लिखी?

(A) नार्मन डेविस

(B) रॉबर्ट डी० कपलान

(C) जॉन कीय

(D) जैक वेदरफोर्ड

**57.** इनमें से कौन *कीजीन्स ऑफ दि ऐक्सिस ऑफ ईविल ऐंड अदर इरिटेटिंग स्टेट्स : ए डिनर पार्टी ऐप्रोच टू इंटरनैशनल रिलेशन्स* का लेखक है?

(A) क्रिस्टीन फेयर

(B) केनेथ वाल्ट्ज

(C) सैमुअल हंटिंगटन

(D) हेनरी किसिंगर

**58.** निम्नलिखित में से क्या 'नेकलेस ऑफ डायमंड स्ट्रेटेजी' का हिस्सा नहीं है?

(A) चांगी नवल बेस, सिंगापुर

(B) सबांग पोर्ट, इंडोनेशिया

(C) अजमशन आइलैण्ड, सेशेल्स

(D) पोर्ट ऑफ फ्रीमैंटल, ऑस्ट्रेलिया

**59.** पुस्तक, *माओ : दि अननोन स्टोरी* किसने लिखी?

(A) जंग चांग और जोन हालीडे

(B) जूलिया लोवेल

(C) जेरेमी ब्राउन और मैथ्यू जॉनसन

(D) एडगर स्नो

**60.** किसने कहा, "उत्तर आधुनिकतावाद अर्थहीन है, क्योंकि यह विश्लेषणात्मक या अनुभवजन्य ज्ञान से कुछ भी नहीं जोड़ता है"?

(A) रिचर्ड डाकिन्स

(B) नोम चॉम्स्की

(C) क्रिस्टोफर हिचेन्स

(D) इनमें से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** Which of the following books is critical of multiculturalism?

(A) *Who Are We? : The Challenges to America's National Identity*

(B) *The Destiny of America : Reflections on a Multicultural Society*

(C) *The Philosophy of Human Rights*

(D) All of the above

**62.** What is the meaning of the Chinese word 'Laoxian'?

(A) Friend

(B) King

(C) Immortal

(D) Lion

**63.** In which year was 'Katchatheevu' Island given away to Sri Lanka by India?

(A) 1947

(B) 1967

(C) 1974

(D) 1976

**64.** Which of the following rivers is associated with 'New Moore' Island?

(A) Mahananda River

(B) Hariabhanga River

(C) Jamuna River

(D) Saptamukhi River

**65.** The part of which country is named as 'Yavadvipa' in *Ramayana*?

(A) Malaysia

(B) Indonesia

(C) Singapore

(D) Thailand

**66.** Which of the following is **not** correct about Eric Garcetti?

(A) He was the former Los Angeles Mayor.

(B) He was the member of Democratic Party.

(C) His appointment was supported by 52 Senators.

(D) He was the former journalist at CNN.

**67.** Who is the author of *Snakes in the Ganga : Breaking India 2·0*?

(A) Aditya Satsangi

(B) J. Sai Deepak

(C) Rajiv Malhotra

(D) Sanjay Dixit

**68.** The result of Arbitration on Kutch after 1965 War was

(A) India got 90% and Pakistan got 10% land

(B) India got 95% and Pakistan got 5% land

(C) India was given 100% land

(D) Pakistan was given 50% and India was given 50% land

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक बहुसंस्कृतिवाद की आलोचक है?

(A) *हू आर वी? : द चैलेन्जेस टु अमेरिकास नैशनल आइडेन्टिटी*

(B) *द डेस्टिनी ऑफ अमेरिका : रिफ्लेक्शन्स ऑन ए मल्टीकल्चरल सोसाइटी*

(C) *द फिलासफी ऑफ ह्यूमन राइट्स*

(D) उपर्युक्त सभी

**62.** चीनी शब्द 'लाओक्सियन' का क्या अर्थ है?

(A) मित्र

(B) राजा

(C) अमर

(D) शेर

**63.** भारत ने 'कच्चातीवू द्वीप' किस वर्ष श्रीलंका को प्रदान किया?

(A) 1947

(B) 1967

(C) 1974

(D) 1976

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी 'न्यू मूर' द्वीप से संबंधित है?

(A) महानंदा नदी

(B) हरिभंगा नदी

(C) जमुना नदी

(D) सप्तमुखी नदी

**65.** किस देश के एक भाग को *रामायण* में 'यावाद्वीप' नाम दिया गया है?

(A) मलेशिया

(B) इंडोनेशिया

(C) सिंगापुर

(D) थाईलैंड

**66.** निम्नलिखित में से क्या एरिक गरसेटी के बारे में सही **नहीं** है?

(A) लॉस एंजेलिस का पूर्व मेयर

(B) डेमोक्रैटिक दल का सदस्य

(C) 52 सिनेटरों द्वारा समर्थित नियुक्ति

(D) सी० एन० एन० में पूर्व पत्रकार

**67.** *स्नेक्स इन द गंगा : ब्रेकिंग इंडिया 2·0* के लेखक कौन हैं?

(A) आदित्य सतसंगी

(B) जे० साई दीपक

(C) राजीव मल्होत्रा

(D) संजय दीक्षित

**68.** 1965 के युद्ध के बाद कच्छ के संबंध में पंच निर्णय का क्या परिणाम था?

(A) भारत को 90% और पाकिस्तान को 10% भूमि दी गई

(B) भारत को 95% और पाकिस्तान को 5% भूमि दी गई

(C) भारत को 100% भूमि दी गई

(D) पाकिस्तान को 50% और भारत को 50% भूमि दी गई

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** Which of the following is the correct name for SVRAs?

(A) Special Veshvik Rupee Accounts

(B) Special Vishesh Rupee Accounts

(C) Special Vostro Rupee Accounts

(D) None of the above

**70.** According to Stockholm International Peace Research Institute, which of the following does not figure in top 100 defence companies of the world?

(A) HAL

(B) AVANI

(C) BEL

(D) DRDO

**71.** Who is the author of the book, *Routledge Handbook of World-Systems Analysis*?

(A) Salvatore Babones

(B) Carol Christine Fair

(C) Noam Chomsky

(D) None of them

**72.** "Ab bhi jiska khoon nahi khaula, khoon nahi vo pani hai, jo desh ke kaam na aaye vo bekar jawani hai." Who said this?

(A) Bhagat Singh

(B) Ram Prasad Bismil

(C) Ashfaqulla Khan

(D) Chandrashekhar Azad

**73.** "Muslims are the flesh of our flesh and blood of our blood." Who said this?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Mohandas Karamchand Gandhi

(C) Bhimrao Ramji Ambedkar

(D) None of them

**74.** "Our daily behaviour which strengthens our history, society and nation is our Dharma." Who said this?

(A) Mohandas Karamchand Gandhi

(B) Vallabhbhai Patel

(C) Aurobindo Ghose

(D) None of them

**75.** "The basic cause of problems facing Bharat is the neglect of its national identity." Who said this?

(A) M. N. Roy

(B) Jayaprakash Narayan

(C) Sri Aurobindo

(D) None of them

**76.** "IAS now means I am sorry." Who said this?

(A) S. Jaishankar

(B) T. N. Seshan

(C) Ajit Doval

(D) K. Annamalai

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**69.** SVRAs के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा नाम सही है?

(A) स्पेशल वैश्विक रुपी अकाउंट्स

(B) स्पेशल विशेष रुपी अकाउंट्स

(C) स्पेशल वोस्ट्रो रुपी अकाउंट्स

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट के अनुसार, इनमें से कौन-सा विश्व के 100 शीर्ष रक्षा कंपनियों में **नहीं** आता?

(A) एच० ए० एल०

(B) ए० वी० ए० एन० आइ०

(C) बी० ई० एल०

(D) डी० आर० डी० ओ०

**71.** *राउटलेज हैंडबुक ऑफ वर्ल्ड-सिस्टम्स एनालिसिस* के लेखक कौन हैं?

(A) सालवाटोर बाबोनेज

(B) कारोल क्रिस्टीन फेयर

(C) नोम चॉम्स्की

(D) इनमें से कोई नहीं

**72.** किसने कहा, "अब भी जिसका खून नहीं खौला खून नहीं वो पानी है, जो देश के काम ना आए वो बेकार जवानी है"?

(A) भगत सिंह

(B) राम प्रसाद बिस्मिल

(C) अशफ़ाकुल्ला खाँ

(D) चंद्रशेखर आज़ाद

**73.** किसने कहा, "मुसलमान हमारे शरीर का शरीर और हमारे खून का खून है"?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) मोहनदास करमचंद गाँधी

(C) भीमराव रामजी अम्बेडकर

(D) इनमें से कोई नहीं

**74.** किसने कहा, "इतिहास, समाज और राष्ट्र को पुष्ट करने वाला हमारा दैनिक व्यवहार ही हमारा धर्म है"?

(A) मोहनदास करमचंद गाँधी

(B) वल्लभभाई पटेल

(C) अरबिन्दो घोष

(D) इनमें से कोई नहीं

**75.** किसने कहा, "अपनी राष्ट्रीय पहचान की उपेक्षा भारत की समस्याओं का मूलभूत कारण है"?

(A) एम० एन० रॉय

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) श्री अरबिन्दो

(D) इनमें से कोई नहीं

**76.** किसने कहा, "आइ० ए० एस० का अर्थ अब है आइ एम सॉरी"?

(A) एस० जयशंकर

(B) टी० एन० शेषन

(C) अजीत डोभाल

(D) के० अन्नामलाई

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**77.** Which of the following is correctly matched?

(A) 'Peaceful trade with all but messy treaties with name'
—Roosevelt

(B) 'Cash and Carry'
—Jefferson

(C) 'Dollar diplomacy'—Biden

(D) 'Make America Great Again'
—Trump

**78.** Which of the following is a Second World War Memorial not related to Indian soldiers?

(A) Kalibata National Heroes Cemetery

(B) Haifa War Memorial

(C) Piskaryovskoye Memorial

(D) Neuve-Chapelle Memorial

**79.** "The English word 'religion' is not correct word for Dharma." Who said this?

(A) Dadabhai Naoroji

(B) Bal Gangadhar Tilak

(C) Sri Aurobindo

(D) None of them

**80.** "It weakened Indian intelligence in Pakistan and also closed Pakistan special operation desk of RAW."

Which doctrine is criticized for the above?

(A) Rao Doctrine

(B) Gujral Doctrine

(C) Atal Doctrine

(D) Manmohan Doctrine

**81.** Who wrote the poem, "Sarfaroshi ki tamanna ab hamare dil me hai"?

(A) Bhagat Singh

(B) Ashfaqullah Khan

(C) Ram Prasad Bismil

(D) Ganesh Shankar Vidyarthi

**82.** Who among the following was the part of constitutional bench which gave judgement of 'Ramjanmabhoomi-Babri Masjid' title suit?

(A) Justice Abdul Nazeer

(B) Justice Iqbal Ahmad Ansari

(C) Justice Fakkir Mohammed Ibrahim

(D) Justice Mirza Hameedullah Beg

**83.** What is the award of Delimitation Commission of Jammu and Kashmir Union Territory recently?

(A) 47 for Kashmir region and 43 for Jammu region

(B) 43 for Kashmir region and 47 for Jammu region

(C) 46 for Kashmir region and 37 for Jammu region

(D) 37 for Kashmir region and 46 for Jammu region

**84.** Geographically, which is the largest province of Pakistan?

(A) Punjab

(B) Sindh

(C) Balochistan

(D) Khyber Pakhtunkhwa

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?

(A) 'शांतिपूर्ण व्यापार सबके साथ पर झंझट करने वाली संधियाँ किसी के साथ भी नहीं' —रुजवेल्ट

(B) 'नकद दाम दो और माल ले जाओ' —जेफरसन

(C) 'डॉलर कूटनीति'—बाइडेन

(D) 'अमरीका को फिर से महान बनाओ' —ट्रम्प

**78.** निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीय विश्व युद्ध का मेमोरियल भारतीय सैनिकों से संबंधित **नहीं** है?

(A) कालीबाटा नैशनल हीरोज सीमेटरी

(B) हाइफा वॉर मेमोरियल

(C) पिस्काख्योवस्कोये मेमोरियल

(D) न्यूवे-चैपल मेमोरियल

**79.** किसने कहा, ''अंग्रेजी शब्द 'रिलिजन' धर्म के लिए सही शब्द नहीं है''?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) श्री अरबिन्दो

(D) इनमें से कोई नहीं

**80.** ''इसने भारतीय खुफिया तंत्र को पाकिस्तान में कमजोर किया तथा रॉ की पाकिस्तान विशिष्ट कार्यवाही डेस्क को बंद कर दिया।'' यहाँ किस नीति की आलोचना की गई है?

(A) राव नीति

(B) गुजराल नीति

(C) अटल नीति

(D) मनमोहन नीति

**81.** ''सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है'' —यह कविता किसने लिखी?

(A) भगत सिंह

(B) अशफ़ाकुल्ला खाँ

(C) रामप्रसाद बिस्मिल

(D) गणेश शंकर विद्यार्थी

**82.** 'रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद' टाइटल सूट पर निर्णय देने वाली संवैधानिक पीठ में इनमें से कौन थे?

(A) जस्टिस अब्दुल नजीर

(B) जस्टिस इकबाल अहमद अंसारी

(C) जस्टिस फकीर मुहम्मद इब्राहिम

(D) जस्टिस मिर्ज़ा हमीदुल्लाह बेग

**83.** जम्मू और कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश के परिसीमन कमीशन का निर्णय क्या है?

(A) 47 कश्मीर क्षेत्र व 43 जम्मू क्षेत्र के लिए

(B) 43 कश्मीर क्षेत्र व 47 जम्मू क्षेत्र के लिए

(C) 46 कश्मीर क्षेत्र व 37 जम्मू क्षेत्र के लिए

(D) 37 कश्मीर क्षेत्र व 46 जम्मू क्षेत्र के लिए

**84.** भौगोलिक रूप से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत कौन-सा है?

(A) पंजाब

(B) सिंध

(C) बलूचिस्तान

(D) ख़ैबर पख़्तूनख़्वा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**85.** Who established 'Bharatiya Kisan Sangh'?

(A) Rajendra Singh

(B) Dattopant Thengadi

(C) Keshav Baliram Hedgewar

(D) Madhav Sadashiv Golwalkar

**86.** Sedition law is related to which of the following?

(A) IPC 134A

(B) IPC 128A

(C) IPC 124A

(D) IPC 118A

**87.** Who among the following was **not** a member of Expert Committee of the Congress to prepare material for Constituent Assembly?

(A) M. Asaf Ali

(B) K. T. Shah

(C) Humayun Kabir

(D) Vallabhbhai Patel

**88.** Which country was **not** included in Connect Central Asia Policy, 2012?

(A) Kazakhstan

(B) Uzbekistan

(C) Turkmenistan

(D) Azerbaijan

**89.** 'Champa' was the word for which country in pre-colonial times?

(A) Vietnam

(B) Cambodia

(C) Thailand

(D) Philippines

**90.** "Divided sovereignty is a contradiction in term." Who said this?

(A) Gettell

(B) Maitland

(C) Cole

(D) Sabine

**91.** "The best school of democracy and the best guarantee for its success is the practice of local self-government." Who said this?

(A) Cole

(B) Bryce

(C) Laski

(D) Lasswell

**92.** "There is no better test of the excellence of a government than the efficiency of its judicial system." Who said this?

(A) Bryce

(B) Garner

(C) Laski

(D) Finer

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**85.** 'भारतीय किसान संघ' की स्थापना किसने की?

(A) राजेन्द्र सिंह

(B) दत्तोपन्त थेनगडी

(C) केशव बलिराम हेडगेवार

(D) माधव सदाशिव गोलवलकर

**86.** राजद्रोह कानून निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) आइ० पी० सी० 134A

(B) आइ० पी० सी० 128A

(C) आइ० पी० सी० 124A

(D) आइ० पी० सी० 118A

**87.** इनमें से कौन काँग्रेस की उस विशेषज्ञ समिति के सदस्य **नहीं** थे जो संविधान सभा के लिए सामग्री तैयार करती थी?

(A) एम० आसफ अली

(B) के० टी० शाह

(C) हुमायूँ कबीर

(D) वल्लभभाई पटेल

**88.** 2012 की कनेक्ट सेन्ट्रल एशिया नीति में कौन-सा देश सम्मिलित **नहीं** है?

(A) कजाकिस्तान

(B) उज़्बेकिस्तान

(C) तुर्कमेनिस्तान

(D) अज़रबैजान

**89.** उपनिवेशवाद के पूर्व के काल में किस देश के लिए 'चंपा' शब्द इस्तेमाल होता था?

(A) वियतनाम

(B) कम्बोडिया

(C) थाईलैण्ड

(D) फ़िलीपीन्स

**90.** किसने कहा, "विभाजित संप्रभुता अपने आप में एक विरोधाभास है"?

(A) गेटेल

(B) मेटलैण्ड

(C) कोल

(D) सेबाइन

**91.** किसने कहा, "प्रजातंत्र के सभी रोगों का निदान अधिक प्रजातंत्र के द्वारा ही हो सकता है"?

(A) कोल

(B) ब्राइस

(C) लास्की

(D) लासवेल

**92.** किसने कहा, "न्याय विभाग की कुशलता से बढ़कर सरकार की उत्तमता की दूसरी कोई कसौटी नहीं है"?

(A) ब्राइस

(B) गार्नर

(C) लास्की

(D) फाइनर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**93.** Who said, "To entrust the judges with the power to override the will of the legislature is broadly to make them the decisive factor in the State"?

(A) Laski

(B) Garner

(C) Gettell

(D) Sabine

**94.** Which of the following is **incorrect** about Henry Kissinger?

(A) Nobel Peace Prize winner

(B) United States Secretary of State of President Nixon

(C) National Security Advisor of President Carter

(D) Instrumental in Communist China becoming permanent member of Security Council of the UNO

**95.** Who was the first Chief Minister of Bihar from Vidhan Parishad?

(A) Abdul Ghaffar

(B) Harihar Prasad Sinha

(C) Bindeshwari Prasad Mandal

(D) Mahamaya Prasad Sinha

**96.** Which of the following was suspended from the Arab League?

(A) Comoros

(B) Libya

(C) Syria

(D) Lebanon

**97.** 'Democracy for peace, security and development' is the motto of

(A) OAU

(B) OAS

(C) EEC

(D) EU

**98.** Which of the following statements is **incorrect**?

(A) EEC got established in 1958.

(B) EEC becomes EC in 1993.

(C) England was not the founder member of EEC.

(D) Luxemburg was not the founder member of EEC.

**99.** Which of the top Indian scientists/leaders died in an air crash?

(A) Homi Bhabha

(B) Vikram Sarabhai

(C) Shyama Prasad Mukherjee

(D) Deendayal Upadhyaya

**100.** Which of the following combinations is wrong as per Kautilya?

(A) Prashasta : Chief Prison Official

(B) Sannidhata : Chief Treasurer of the City

(C) Karmantik : Chief Officers of Ores and Industries

(D) Samaharta : Chief Social Welfare Official

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**93.** किसने कहा, "न्यायधीशों को यह अधिकार देना कि वे विधायिका की इच्छाओं की अवहेलना कर सकें, उन्हें राज्य की निर्णायक शक्ति बना देना है"?

(A) लास्की

(B) गार्नर

(C) गेटेल

(D) सेबाइन

**94.** निम्नलिखित में से क्या किसिंगर के बारे में **असत्य** है?

(A) नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

(B) राष्ट्रपति निक्सन का सेक्रेटरी ऑफ स्टेट

(C) राष्ट्रपति कार्टर का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

(D) यू० एन० ओ० की सुरक्षा परिषद् की सीट कम्युनिस्ट चीन को दिलवाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका

**95.** विधान परिषद् से बिहार का सर्वप्रथम मुख्यमंत्री बनने वाला कौन था?

(A) अब्दुल गफ्फार

(B) हरिहर प्रसाद सिन्हा

(C) बिन्देश्वरी प्रसाद मंडल

(D) महामाया प्रसाद सिन्हा

**96.** निम्नलिखित में से किसे अरब लीग से निलंबित किया गया था?

(A) कोमोरोस

(B) लीबिया

(C) सीरिया

(D) लेबनान

**97.** 'शांति, सुरक्षा व विकास के लिए लोकतंत्र' किसका मोटो है?

(A) ओ० ए० यू०

(B) ओ० ए० एस०

(C) ई० ई० सी०

(D) ई० यू०

**98.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य **गलत** है?

(A) ई० ई० सी० की स्थापना 1958 में की गई।

(B) ई० ई० सी० 1993 में ई० सी० बन गई।

(C) इंग्लैण्ड ई० ई० सी० का संस्थापक सदस्य नहीं था।

(D) लक्जमबर्ग ई० ई० सी० का संस्थापक सदस्य नहीं था।

**99.** किस प्रमुख वैज्ञानिक/नेता की मृत्यु हवाई दुर्घटना में हुई?

(A) होमी भाभा

(B) विक्रम साराभाई

(C) श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(D) दीनदयाल उपाध्याय

**100.** निम्नलिखित में से क्या कौटिल्य के अनुसार गलत है?

(A) प्रशास्ता : कारागार का प्रधान अधिकारी

(B) सन्निधाता : नगर का मुख्य कोषाध्यक्ष

(C) कर्मान्तिक : खानों व उद्योगों का प्रधान अधिकारी

(D) समाहर्ता : समाज कल्याण का प्रधान अधिकारी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

20/FI/CC/M–2023–23

पुस्तिका शृंखला

**C**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

# राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**समय : 2 घण्टे** | **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपने अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.



24DK—552